मेरा दिल करता है श्याम को मैं घर पे ले लाऊँ लिरिक्स

ये देख तमाशा जग का,
भीतर से दु:ख पाऊं,
मेरा दिल करता है,
श्याम को मैं घर पे ले लाऊँ,
मेरा दिल करता हैं,
श्याम को मैं घर पे ले लाऊँ।bd।

तर्ज – उस बांसुरी वाले की।

तुझे अपने पास बिठा के,
रख लूँ मैं तुम्हे छुपा के,
मतलब से भरी निगाहें,
ना देखे नज़र उठा के,
बस तू हो बाबा, मैं हूँ,
मैं भजन तेरे गाऊं,
मेरा दिल करता हैं,
श्याम को मैं घर पे ले लाऊँ।bd।

जो चमत्कार को तेरे,
ये नमस्कार करते है,
व्यापार करे वो बाबा,
ना तुमसे प्यार करते है,
मैं सेवा करूँगा, तेरी,
तुझसे ना कुछ चाहूँ,
मेरा दिल करता हैं,
श्याम को मैं घर पे ले लाऊँ।bd।

तू देना छोड़ दे बाबा,
ना भेज तू खर्चा घर का,
आते है लौट के कितने,
फिर देख नज़ारा दर का,
हो जाए 'सचिन', का बाबा,
कुछ ऐसा कर जाऊं,
मेरा दिल करता हैं,
श्याम को मैं घर पे ले लाऊँ।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

ये देख तमाशा जग का,
भीतर से दु:ख पाऊं,
मेरा दिल करता है,
श्याम को मैं घर पे ले लाऊँ,
मेरा दिल करता हैं,
श्याम को मैं घर पे ले लाऊँ।bd।

Singer – Mukesh Kumar Meena

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com